हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज़

मिल्कियाना®
Balanced Cattle Feed
Presents

कृषि संवाद
Agriculture Canclave 2026



Thursday, 22 Oct 2026
Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

NABARD
aries agro limited
KSC TECHNO PVT. LTD. Pioneering a Digital Revolution

Health Partner
ITSA HOSPITALS HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA
tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति
AVK™
ANA ए.एन.आटोमोबाईल
AE AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप

पेंशनधारकों के बनाए जाएंगे डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र

अम्बिकापुर। सरगुजा जिले में डाक विभाग के अंतर्गत इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा पेंशनधारकों के डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र (डीएलसी) बनाए जाएंगे। इसके लिए डाकघरों में मात्र 70 रूपए शुल्क निर्धारित किया गया है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि डाक विभाग द्वारा जिले के सभी गांवों, ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर आपका बैंक आपके द्वार के अंतर्गत शिविरों एवं अन्य माध्यमों से व्यापक स्तर पर पेंशनधारकों के डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है। पेंशनधारक अपने नजदीकी डाकघर, पोस्टमैन अथवा ग्रामीण डाक सेवक से संपर्क कर डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र बनवा सकते हैं।

जन्म-मृत्यु के पुराने मामलों के पंजीयन हेतु नए नियम लागू

अम्बिकापुर। जन्म एवं मृत्यु का पंजीयन कराने में देरी होने पर अब निर्धारित नियमों के अनुसार प्रक्रिया पूरी करनी होगी। भारत सरकार द्वारा जन्म एवं मृत्यु पंजीयन अधिनियम, 1969 में संशोधन के बाद विलंब से प्राप्त होने वाली सूचनाओं के पंजीयन के लिए नए प्रावधान लागू किए गए हैं। इस संबंध में आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु), जिला सरगुजा द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। संशोधित प्रावधानों के अनुसार, जन्म या मृत्यु की घटना के एक वर्ष बाद, लेकिन दो वर्ष के भीतर पंजीयन के लिए सूचना दिए जाने पर डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट अथवा डिवीजनल मजिस्ट्रेट या डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के द्वारा प्राधिकृत कार्यकारी मजिस्ट्रेट के आदेश पर घटित स्थानों के रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु) के द्वारा पंजीयन किया जाएगा। वहीं, जन्म या मृत्यु की घटना के दो वर्ष से अधिक समय बाद सूचना दिए जाने पर पंजीयन के लिए प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर उस स्थान के रजिस्ट्रार द्वारा किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि उक्त नियमों के लिए भारत सरकार द्वारा जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 (संशोधित 2023) में संशोधन करते हुए रजिस्ट्रेशन ऑफ बर्थ एंड डेथ (संशोधन) अधिनियम 2026 अधिनियमित किया गया है। इस अधिनियम की धारा 13 में संशोधन करते हुए उपधारा (3) के स्थान पर नई उपधारा (3) तथा उपधारा (3ए) प्रतिस्थापित की गई हैं। इन संशोधनों का उद्देश्य विलंब से प्राप्त होने वाली जन्म-मृत्यु संबंधी सूचनाओं के पंजीयन की प्रक्रिया को निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप संचालित करना है।

अवैध रेत परिवहन, हाइवा को किया पुलिस के हवाले

सीतापुर। बारिश थमते ही क्षेत्र में सक्रिय रेत माफिया फिर से क्षेत्र की जीवनदायिनी मांड़ नदी का सीना छलनी करने लगे हैं। मांड़ नदी का जलस्तर घटते ही रेत माफिया नदी से रेत का खनन एवं परिवहन युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। दिन भर नदी से रेत खनन के बाद उसे एक निर्धारित जगह पर डंप किया जाता है जहां से रात को हाइवा के जरिये रेत बाहर ले जाकर खपाया जाता है। बीती रात को रेत माफिया नदी से अवैध रेत खनन के बाद उसे हाइवा में भरकर खपाने ले जा रहे थे तभी ग्रामीण मौके पर पहुंच गये और रात को हो रही रेत तस्करी के बारे में पुलिस को सूचित कर दिया। पुलिस के आते तक ग्रामीणों ने हाइवा को रोके रखा था। मौके पर पुलिस के पहुंचते ही ग्रामीणों ने रेत भारी हाइवा पुलिस के हवाले कर दिया। विदित हो कि बारिश के थमते ही रेत माफियाओं के सिंडिकेट मांड़ नदी का सीना छलनी करने सक्रिय हो गए हैं।दिन भर नदी से रेत का अवैध खनन करने के बाद उसे एक निर्धारित जगह पर डंप करते है। पर्याप्त मात्रा में रेत डंप होने के बाद रेत माफिया हाइवा वाहन में भरकर उसे बाहर ले जाकर खपाते है। बीती रात को भी रेत माफिया हाइवा वाहन के जरिये अवैध रेत बाहर खपाने के प्रयास में लगे हुए थे लेकिन सजग ग्रामीणों ने रेत माफिया के प्रयासों पर पानी फेर दिया। देर रात रेत माफिया मांड़ नदी से अवैध रेत खनन के बाद उसे हाइवा में भरकर बाहर खपाने ले जा रहे थे तभी ग्रामीण मौके पर पहुँच गये और पुलिस को सूचित करते हुए हाइवा को रोक दिया। इस दौरान रेत परिवहन में लगे जेसीबी का चालक माहौल भांपते ही मौका देख जेसीबी मशीन लेकर भाग निकला।

रुपए के लालच में कलयुगी मां ने 9 माह के बच्चे को बेचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के थाना कुनकुरी क्षेत्र में बच्चे की खरीद-फरोख्त का गंभीर मामला सामने आया है। मामले में मां यशोदा यादव पर रुपए के लालच में अपने बच्चे को सुकरू आलम उर्फ बंगाली के माध्यम से पश्चिम बंगाल निवासी शेख अलविन को 1 लाख 80 हजार रुपए में बेचने का आरोप है। कुनकुरी पुलिस ने विवेचना के दौरान पश्चिम बंगाल पहुंचकर बच्चे को सकुशल बरामद किया तथा मामले में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की है।

प्रार्थिया की रिपोर्ट पर दर्ज हुआ अपराध

12 अगस्त को प्रार्थिया लक्ष्मी बाई, निवासी ब्लॉक कॉलोनी कुनकुरी, जिला जशपुर ने थाना कुनकुरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थिया के पुत्र शंकर चौहान को उसके पिता की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त हुई थी। शंकर चौहान, यशोदा यादव के साथ रहता था। यशोदा यादव ने 18 दिसंबर 25 को एक बच्चे को जन्म दिया था, जिसे मार्च 2026 में कथित रूप से बेच दिया गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना कुनकुरी में अपराध क्रमांक 149/2026, धारा 81 किशोर न्याय अधिनियम तथा धारा 143(4), 61(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस ने पं. बंगाल से बच्चे को सकुशल बरामद किया

खरीद-फरोख्त के मामले में मां सहित 5 आरोपी गिरफ्तार



जांच में सामने आई 1 लाख 80 हजार रुपए में बच्चे को बेचने की जानकारी

विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी करते हुए पश्चिम बंगाल निवासी सुकरू आलम उर्फ बंगाली, उम्र 43 वर्ष, को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि वह बाल खरीदने का काम करता था, इसी दौरान कुनकुरी में उसकी पहचान आरोपिया यशोदा यादव से हुई थी। आरोपी सकरु आलम से पूछताछ पर पर उसके द्वारा बच्चे को पश्चिम बंगाल निवासी शेख अलविन के पास पहुंचाने संबंधी जानकारी सामने आई। इसके बाद डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह के द्वारा विशेष पुलिस टीम गठित कर पश्चिम बंगाल भेजी गई, जहां शेख अलविन, उम्र 52 वर्ष, से पूछताछ की गई। उसने बताया कि मार्च 2026 में यशोदा यादव के बच्चे को 1 लाख 80 हजार रुपए में खरीदकर अपनी बेटी को दे दिया था।

पश्चिम बंगाल से बच्चे को सकुशल बरामद किया

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बच्चे को बरामद कर बरामदगी पंचनामा तैयार किया तथा उसे सुरक्षित संरक्षण में लिया। बरामद बच्चे की वर्तमान उम्र लगभग 9 से 10 माह है। प्रकरण में सुकरू आलम उर्फ बंगाली, शेख अलविन, निर्मला तिर्की, फूलकुंवारी यादव एवं यशोदा यादव के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस के द्वारा आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मामले की अग्रिम विवेचना जारी है। मामले की कार्रवाई व बच्चे की सकुशल बरामदगी व आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कुनकुरी निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह चंद्रा, सहायक उप निरीक्षक नीता कुर्रे, प्रधान आरक्षक अलीका पैंकरा व आरक्षक आलोक तिर्की की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

पीड़ित ने लगाया 2 लाख रुपए मांगने का आरोप

समाज में शामिल करने मांगी रकम, अध्यक्ष गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



आज के विकसित और सभ्य समाज में भी पुरानी परंपरा के नाम पर समाज से निकालने व समाज में शामिल करने के नाम पर डेडलिन देने का काम चलाया है। ऐसे ही एक वाकया पथल गांव थाना क्षेत्र से साने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी गोपाल बंजारा, पिता मनोहर बंजारा, उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम बटुराबहार, थाना पत्थलगांव, जिला जशपुर ने माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोरबा के न्यायालय में परिवाद पत्र प्रस्तुत कर आरोप लगाया था कि उन्हें समाज से बहिष्कृत कर दिया गया था। समाज में पुनः शामिल होने के लिए आवेदन करने पर समाज के तत्कालीन अध्यक्ष शेखर प्रसाद बंजारा, सचिव महेंद्र बंजारा तथा वर्तमान अध्यक्ष नंदकिशोर बंजारा एवं सचिव श्यामलाल बंजारा की ओर से उनसे पैसों की मांग की गई थी।

समाज के अध्यक्ष ने समाज ने शामिल करने मांगे थे 2 लाख

प्रार्थी के अनुसार, समाज में वापस शामिल करने के एवज में तत्कालीन अध्यक्ष शेखर बंजारा को 2 लाख देने की बात कही गई थी। इसमें से 1 लाख रूपए की राशि दिनांक 23 सितंबर 2022 को अलग-अलग बैंक खातों से ट्रांसफर किए जाने का उल्लेख परिवाद में किया गया है। प्रार्थी ने अपने भारतीय स्टेट बैंक खाते से फोन-पे के माध्यम से 60,000 रूपए शेखर बंजारा के खाते में तथा अपने मित्र के इंडसइंड बैंक खाते से 40,000 रूपए ट्रांसफर किए जाने की जानकारी दी। इसके बाद भी दोबारा रकम की मांग किए जाने के संबंध में प्रार्थी द्वारा न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया गया था।

विवेचना के दौरान आरोपी गिरफ्तार

विवेचना के दौरान पुलिस ने प्रार्थी एवं गवाहों के बयान दर्ज किए गए तथा संबंधित बैंक खातों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। प्रकरण के नामजद आरोपी शेखर प्रसाद बंजारा, पिता राजकुमार बंजारा, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम बटुराबहार थाना पत्थलगांव जशपुर को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की। विवेचना में प्रथम दृष्टया अपराध घटित होना पाए जाने पर आरोपी को 13 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

अन्य आरोपियों की तलाश जारी

प्रकरण में अन्य आरोपी फरार हैं। पुलिस द्वारा उनकी पतासाजी की जा रही है तथा संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। मामले में अग्रिम विवेचना एवं वैधानिक कार्रवाई जारी है। मामले की कार्रवाई एवं आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पत्थलगांव निरीक्षक जितेंद्र कुमार ताम्रकार एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मामलों में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा

मामले में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने बताया कि थाना पत्थलगांव क्षेत्रांतर्गत समाज से बहिष्कृत कर वापस शामिल करने हेतु रुपए मांगने के मामले में पुलिस ने तात्कालीन समाज अध्यक्ष शेखर बंजारा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है, मामले से जुड़े अन्य फरार आरोपियों की पता साजी की जा रही है।समाज में किसी व्यक्ति को बहिष्कृत कर उसके पुनः शामिल होने के नाम पर अवैध रूप से धन की मांग करना कानून के दायरे में जांच का विषय है। ऐसे मामलों में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, कठोर कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ अपराध

न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा ने परिवाद पर विचार करने के पश्चात थाना सिविल लाइन रामपुर, कोरबा को अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। घटनास्थल थाना पत्थलगांव क्षेत्रांतर्गत होने के कारण थाना सिविल लाइन रामपुर, कोरबा में अपराध क्रमांक 00/2026, धारा 308(2), 61(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 की धारा 7(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण थाना पत्थलगांव भेजा गया। थाना पत्थलगांव में अपराध क्रमांक 149/2026 कायम कर मामले की विवेचना प्रारंभ की गई।

विखं स्तरीय सरगुजा ओलंपिक 2026 संपन्न, जिपं अध्यक्ष साय हुए शामिल



पत्थलगांव। विकासखण्ड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक 2026 का आयोजन उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए खेल के प्रति समर्पण,अनुशासन और आपसी सौहाद्र का परिचय दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण एवं स्थानीय स्तर पर छिपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाना, युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना तथा खेल संस्कृति को बढ़ावा देना रहा। सरगुजा ओलंपिक के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने का अवसर मिला।

- खेल प्रतिभाओं को मिला मंच, खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है: साय

समापन समारोह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन नहीं हैं, बल्कि ये अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और संघर्ष करने की प्रेरणा भी देते हैं।

माँ बंजारी धाम में भक्तों का लगा तांता, भंडारे में कर रहे प्रसाद ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

रायगढ़ जिले के प्रसिद्ध सर्वशक्तिपीठ माँ बंजारी धाम तराईमाल में हरदिन हजारो भक्तजनो का तांता लग रहा है। नवरात्र के चतुर्थ दिवस मानस वक्ता गोकुलानन्द पटनायक ने माँ बंजारी के चरणों मे माथा टेककर आशीर्वाद लिया। उन्होंने 21 पंडितो वार्णिक यजमानो को धोती गमछा, हनुमान चालीसा भेंट किया गया।

विशाल 3 दीपगृह में तेल व घृत मनोकामना ज्योति कलश में तमनार तहसील रायगढ़ ज़िला, छत्तीसगढ़, मप्र, बिहार, झारखण्ड, ओडिसा भारतवर्ष एवं विदेशो के विशिष्ट व्यक्तियों, प्रशासनिक अधिकारी, औद्योगिक प्रबन्धन ग्रामीणजनों सहित हजारो श्रद्धालुओ द्वारा दीप प्रज्वलित की गई है। माँ बंजारी समिति अध्यक्ष कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के दिशा निर्देश, एसडीएम प्रवीण तिवारी मार्गदर्शन में भक्तजनो के लिए पूजा अर्चना दर्शन, प्रसाद, पानी पार्किंग हर दिन भोजन भंडारा की बेहतर व्यवस्था का हरसम्भव प्रयास किया जा रहा है। कीर्तन भजन पार्टियों द्वारा भजन जगराता से पूरा माहौल भक्तिमय है। हर दिन प्रातः काल से ही सैकड़ो भक्तजनो द्वारा पूजा अर्चना कर अपने परिवार क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना की जा रही है। दीप गृह में श्रद्धा आस्था मनोकामना के हजारो दीप प्रज्वलित किया गया है। माँ बंजारी समिति द्वारा सभी भक्तजनो के लिए पूजा अर्चना, प्रसाद, पानी पार्किंग की बेहतर व्यवस्था की गई है।

भाषा मेला में बच्चों ने की विविध भाषाई गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मनोरा विकासखंड के संकुल केंद्र ओरकेला के प्राथमिक शाला पटिया में भाषा मेला का आयोजन हुआ। मेले का आरंभ सामूहिक बालगीत से हुआ। इसके उपरांत विद्यालय के सभी बच्चों ने बारी-बारी से कहानी-कविता सुनाई। भाषा मेला में पहेली बूझो, कहानी आगे बढ़ाओ, तुकांत शब्द बनाओ, वाक्य निर्माण करो, शब्दों से कहानी-कविता बनाओ, पेंटिंग बनाओ, अभिनय व रोल प्ले आदि की गतिविधि के लिए दस से अधिक स्टॉल बनाए गए थे, जिसमें बच्चों ने पूरे उमंग के साथ उक्त सभी गतिविधियों में शिरकत की और आनंदमयी तरीके से भाषा की विभिन्न विधाओं को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में 120 से अधिक बच्चों एवं 10 शिक्षक-शिक्षिकाओं व इतने ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं की सहभागिता हुई।



नन्हें विद्यार्थियों ने किया नाट्य मंचन

प्राथमिक शाला पटिया के कक्षा चौथी के बच्चों ने 'आसमान गिरा' पाठ की कहानी का नाट्यमंचन भी किया। वहीं प्राथमिक शाला रुकरूमा के बच्चों ने अंग्रेजी के कक्षा पांचवीं के पाठ "सत्तू गोज टू शॉपिंग"का अंग्रेजी में नाट्य मंचन किया, जिसे समुदाय के सदस्यों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने काफी सराहा। कार्यक्रम में कन्या आश्रम शाला की बालिकाओं ने स्वागत गीत की बेहतरीन प्रस्तुति दी। यह पूरा कार्यक्रम ओरकेला संकुल समन्वयक कालेश्वर राम भगत एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

पंच परमेश्वर कहानी का नाट्य मंचन

यूथ क्लब पटिया'की युवतियों ने महान साहित्यकार प्रेमचंद की सुप्रसिद्ध कहानी 'पंच परमेश्वर'का नाट्यमंचन किया। जिसकी समुदाय के लोगों ने काफी सराहना की। नाट्यमंचन करने वाली युवतियों में शालिनी बाई, शोभा लकड़ा, अराधना बाई, अर्चना बाई, अनुरूपा कूजुर, रूपा एक्का, कोमल लकड़ा, बबीता बाई, अल्पना देवी, देवेश प्रधान ने अहम किरदार अदा किए।

अंतरिक्ष संगवारी प्रतिभा खोज परीक्षा में शामिल हुए 9 हजार 533 विद्यार्थी

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री की प्रेरणा से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से संचालित 'अंतरिक्ष संगवारी'कार्यक्रम के अंतर्गत 14 अक्टूबर 2026 को जशपुर जिले में जिला प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित की गई। जिले के आठों विकासखंडों के 192 परीक्षा केंद्रों में आयोजित कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में संचालित अन्वेषण कार्यक्रम के अंतर्गत अंतरिक्ष संगवारी जिला प्रतिभा खोज परीक्षा में कक्षा 8वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिले के आठों विकासखंडों के 192 परीक्षा केंद्रों में आयोजित इस परीक्षा के लिए कुल 10 हजार 396 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था।

स्काई अलॉयज एंड पावर लिमिटेड में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



खरसिया। स्काई अलॉयज एंड पावर लिमिटेड टेमटेमा रॉबर्टसन, खरसिया में मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग द्वारा प्लांट परिसर स्थित हॉल के समीप निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 150 से अधिक कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान उपस्थित चिकित्सकों द्वारा कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों एवं श्रमिकों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें समय पर स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ उपलब्ध कराना था। इस स्वास्थ्य शिविर में डॉ. भोलानाथ मेहर, डॉ. रश्मि खुटे, महेंद्र चौहान, विधि वर्मा एवं योगमती पटेल सहित प्लांट के व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने शिविर के सफल संचालन में अपना योगदान दिया। कंपनी के प्लांट निदेशक विकास अग्रवाल एवं एचआर हेड दिग्विजय पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर को कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों के स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। कंपनी प्रबंधन की इस पहल से कर्मचारियों एवं श्रमिकों को अपने कार्यस्थल पर ही स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक दवाइयों की सुविधा प्राप्त हुई। इस प्रकार के आयोजन औद्योगिक क्षेत्र में स्वस्थ कार्य वातावरण बनाए रखने तथा श्रमिक कल्याण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

ढोल मंजीरों के थाप पर माता की आरती में सभी भक्त मां की भक्ति में झूमते दिखाई देते

पत्थलगांव के ग्राम कछार शिव मंदिर में नवरात्र पर्व की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कछार शिव मंदिर में नवरात्र पर्व की धूम है। मंदिर को सजा कर जगमगाती लाइट और झालर से पूरे परिसर को खूब अच्छी तरह सजाया गया है। शाम की आरती 7.30 बजे शुरू होती है, जो 9.30 बजे तक चलती है। तत्पश्चात प्रसाद वितरण के बाद माता की रसोई प्रसाद सभी भक्तों को दिया जाता है, जिसके लिए दूर दूर से भक्त मंदिर पहुंचते है। आरती में ढोल मंजीरों के थाप पर माता की आरती में सभी भक्त मां की भक्ति में झूमते दिखाई देते हैं।

कछार शिव मंदिर में ज्योति कलश स्थापित है, मान्यता है कि मन से मांगी सभी मुरादें माता रानी अवश्य पूरा करती हैं। लगातार ज्योति कलश के भक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है 9.30 बजे से से माता की रसोई चालू होती है, जो रात 11 बजे तक लगातार चलता रहती है। इसमें नवकन्या को सर्वप्रथम पूजा जाता है एवं उन्हें माता की रसोई का प्रसाद दिया जाता है। इसके बाद भक्तों को प्रसाद का वितरण किया जाता है। इस दौररान हजारों की संख्या में भक्त माता की रसोई का प्रसाद ग्रहण करते हैं। प्रसाद तैयार करने के लिए पूड़ी बनाने में आरती में शामिल महिलाएं पूरा सहयोग करती हैं। बनारस से पूजा करने आये चन्दरवेश्वर मिश्रा ने बताया कि, नवरात्र पर्व में माता के पूजन का खास महत्व है। सच्चे मन से माता रानी से मांगी सभी मुरादें माता रानी अवश्य पूरा करती हैं। नवरात्र पर्व में में माता रानी के पास किए गए भजनों का बहुत महत्व है। आगे उन्होंने बताया कि, सप्तशती का आधार और कात्यायनी तंत्र सप्तशती का आधार मार्कण्डेय पुराण का देवीमाहात्म्य है, जिसमें 578 मंत्र हैं। गुप्तवती संस्कृत टीका के कर्ता भास्कर राय ने स्पष्ट किया है कि, सप्तशती कोई स्वतंत्र ग्रंथ नहीं है, बल्कि यह व्यवहारिक रूप से मार्कण्डेय पुराण के मंत्रों को 700 मंत्रों में परिवर्तित करने का परिणाम है। उन्होंने कहा, अस्य सप्तशती व्यवहारस्तु न श्लोकसंख्यया। इसका अर्थ है कि सप्तशती की मंत्र संख्या श्लोकों की गणना पर आधारित नहीं है।



संगम चौक में गरबा का महासंगम, डांडिया की धूम



जशपुरनगर। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर संगम चौक, दरबारी टोली में आयोजित संगम सेवा दुर्गा पूजा समिति का प्रथम वर्ष निःशुल्क गरबा महोत्सव नगर में आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। नवरात्र के तृतीय दिवस पर गरबा महोत्सव में 300 से अधिक महिलाओं एवं बच्चों ने एक साथ गरबा और डांडिया कर ऐसा समां बांधा कि पूरा संगम चौक भक्ति, उल्लास और पारंपरिक संस्कृति के रंग में सराबोर हो गया। प्रतिभागियों के उत्साह और लोगों की भारी उपस्थिति ने आयोजन को यादगार बना दिया।

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

4

खेतों में पहुंचे कलेक्टर, कुनकुनी में किया सर्वे का भौतिक सत्यापन



खबर संक्षेप

आज रद्द रहेगी टिटिलागढ़ बिलासपुर पैसेंजर

रायगढ़। पूर्व तटीय रेलवे संबलपुर मंडल के टिटिलागढ़ केसिंगा रेलखंड में समपार फाटकों पर इंटरलॉकिंग के प्रावधान हेतु नॉन.इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप आज 15 अक्टूबर को बिलासपुर एवं टिटिलागढ़ से चलने वाली गाड़ी संख्या 58214/58213 बिलासपुर-टिटिलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।

दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर आयोजित

सारंगढ़। बुधवार को जिला अस्पताल सारंगढ़ के सभाकक्ष में समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजनों के लिए विशेष सहायता एवं यूडीआईडी प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करनेए आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य परीक्षण, दिव्यांगता प्रमाणीकरण एवं अन्य सुविधाओं का लाभ एक ही स्थान पर प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ज्योति पटेल ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया। उन्होंने दिव्यांगजनों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे कुल 281 दिव्यांगजनों ने सहभागिता की। इस दौरान उनके परिजन भी उपस्थित रहे। शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा पात्र 15 दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप व्हीलचेयर, छड़ी, बैसाखी एवं श्रवण यंत्र सहित विभिन्न सहायक उपकरण प्रदान किए गए। इन उपकरणों के माध्यम से दिव्यांगजनों को दैनिक जीवन में आवागमन एवं अन्य गतिविधियों में सुविधा मिलेगी। साथ ही 14 दिव्यांगजनों को निःशुल्क बस यात्रा के लिए परिवहन पास प्रदान किए गए, जिससे उन्हें आवागमन में राहत मिलेगी।

जन्म से दिल में था छेद रुद्रांश को दी नई जिंदगी

सारंगढ़। जन्म से हृदय में छेद जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मासूम रुद्रांश अजगल्ले के जीवन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की चिरायु योजना नई उम्मीद बनकर सामने आई है। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम कोसीर निवासी रुद्रांश का रायपुर में निःशुल्क हृदय ऑपरेशन होने से परिवार की वर्षों पुरानी चिंता दूर हो गई है। कभी बेटे के इलाज और भविष्य को लेकर परेशान रहने वाले माता.पिता आज उसे स्वस्थ होकर खेलते देखकर बेहद खुश हैं। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ष्सेवा की कहानीदृकहानी बदलाव कीष में रुद्रांश की यह सफलता की कहानी शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जरूरतमंद परिवारों के जीवन में आ रहे सकारात्मक बदलाव का उदाहरण है।

पात्रता जांचने चल रहा सर्वे, पंचायत सचिवों व सरपंचों को सौंपी गई सत्यापन की जिम्मेदारी

संदेह के घेरे में 24 हजार से अधिक राशन कार्ड किसी ने 6 तो किसी ने 12 महीने से नहीं उठाया राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में करीब 24 हजार राशन कार्ड संदिग्ध मिले हैं। इसमें किसी ने 6 तो किसी ने 12 महीने से राशन ही नहीं उठाया है। ऐसा नहीं है कि केवल राशन नहीं उठाने वाले ही संदिग्ध हैं, इसमें ऐसे लोग भी हैं जिनकी आय पात्रता मापदंड के दायरे से बाहर है।

खास बात

- चार लाख से अधिक इनकम वाले भी ले रहे सरकारी राशन

इसके बाद भी राशन उनके नाम है। अब ऐसे राशन कार्डों की जांच करने की तैयारी खाद्य विभाग कर रहा है। जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन का लाभ लेने वाले परिवारों की पात्रता जांचने के लिए खाद्य विभाग ने सर्वे और सत्यापन अभियान तेज कर दिया है। इस अभियान में खासतौर पर गरीबी रेखा श्रेणी के राशन कार्डों पर ध्यान दिया जा रहा है। विभाग ऐसे परिवारों की जानकारी जुटा रहा है, जिनके नाम गरीबी रेखा की सूची में तो दर्ज हैं, लेकिन समय के साथ उनकी आर्थिक स्थिति में बदलाव आ चुका है। इनमें ऐसे परिवार भी शामिल हैं, जिनके सदस्य सरकारी या निजी क्षेत्र में नौकरी कर रहे हैं अथवा जिनकी आय के अन्य साधन विकसित हो चुके हैं। जिले में ऐसे राशन कार्डधारियों की संख्या 24 हजार 800 बताई जा रही है।



नौकरी मिलने के बाद भी ले रहे राशन का लाभ

सर्वे के दौरान ऐसे परिवारों की पहचान करने पर जोर दिया जा रहा है, जिनके सदस्यों को सरकारी या निजी नौकरी मिल चुकी है अथवा उनकी आमदनी के अन्य साधन विकसित हो गए हैं। ऐसे मामलों में यह जांचना जरूरी हो गया कि संबंधित परिवार की वर्तमान आर्थिक स्थिति राशन कार्ड की निर्धारित पात्रता से मेल खाती है या नहीं। राशन कार्ड निरस्त करने का निर्णय संबंधित श्रेणी के लिए लागू पात्रता नियमों, दस्तावेजों और सत्यापन में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर ही किया जाएगा।

पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे सरकारी योजना का लाभ

राशन कार्डों के सत्यापन अभियान का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाना और सरकारी खाद्यान्न का लाभ वास्तविक पात्र परिवारों तक पहुंचाना है। यदि अपात्र परिवार योजना का लाभ ले रहे हैं, तो उनकी पहचान होने से व्यवस्था में सुधार किया जा सकता है। माना जा रहा है कि इस पूरी प्रक्रिया से अपात्र बाहर होंगे।

सभी संदिग्ध कार्डों पर विभाग की नजर

खाद्य विभाग पंचायतों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर संबंधित कार्डों की स्थिति का परीक्षण करेगा। यदि किसी परिवार के संबंध में गलत जानकारी देने या पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करने के तथ्य सामने आते हैं, तो नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। इसके तहत अपात्र पाए जाने वाले राशन कार्डों को निरस्त करने की प्रक्रिया अपनाई जा सकती है।

फैक्ट फाइल

राशन कार्ड की श्रेणी	राशन कार्ड संख्या
6 से 12 माह तक राशन का उठाव नहीं	6739
आधार संबंधी गड़बड़ियां	9528
एक ही आधार से संबंधित/ डुप्लीकेट	2002
वार्षिक आय 1.80 लाख से अधिक	1316
वार्षिक आय 2.5 लाख से अधिक	257
वार्षिक आय 4 लाख से अधिक	49
वार्षिक आय 6 लाख से अधिक	235
6 लाख से अधिक आय की अन्य श्रेणी	4081
25 लाख से अधिक वार्षिक टर्नओवर	452
कंपनियों के निदेशक	130
केंद्र सरकार के कर्मचारी	42
100 वर्ष से अधिक आयु के पंजीकृत सदस्य	61

खाद्य विभाग से उपलब्ध जानकारी के अनुसार, जिले में करीब 3 लाख 42 हजार राशन कार्ड हैं। इन कार्डों के माध्यम से लगभग साढ़े 10 लाख सदस्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इनमें 24 हजार 800 राशन कार्ड संदिग्ध पाए गए हैं, जिनका सत्यापन किया जाना है। अब खाद्य विभाग संबंधित परिवारों की वास्तविक स्थिति का पता लगाने में जुटा है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वे गरीबी रेखा श्रेणी के राशन कार्ड के लिए निर्धारित पात्रता के दायरे में आते हैं या नहीं। राशन कार्डों की जांच प्रक्रिया में ग्राम पंचायतों की भूमिका अहम रखी गई है। ग्राम पंचायतों के सचिवों और सरपंचों को संबंधित परिवारों की जानकारी जुटाने तथा जांच रिपोर्ट तैयार कर खाद्य विभाग को सौंपने की जिम्मेदारी दी गई है। पंचायत स्तर पर एकत्रित जानकारी के आधार पर संबंधित परिवारों की आर्थिक स्थिति और पात्रता का आकलन किया जाएगा। सत्यापन के दौरान परिवार के सदस्यों के रोजगार, आय के स्रोत और आर्थिक परिस्थितियों से जुड़ी जानकारियों की पड़ताल की जा रही है। विभाग का ध्यान खासतौर पर उन परिवारों पर है, जिनकी स्थिति में बदलाव आने के बावजूद वे गरीबी रेखा श्रेणी के राशन कार्ड के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हैं। पंचायतों से रिपोर्ट मिलने के बाद खाद्य विभाग निर्धारित नियमों के अनुरूप दस्तावेजों और उपलब्ध जानकारी का परीक्षण करेगा।

शासन स्तर से संदिग्ध राशन कार्डधारियों की जांच करने के लिए सर्वे कराने को लेकर निर्देशित किया गया था। ऐसे में पंचायत स्तर पर भी यह प्रक्रिया चल रही है। जिले में 24 हजार 800 राशन कार्डधारी संदिग्ध पाए गए हैं।

चितरंजन सिंह
जिला खाद्य अधिकारी, रायगढ़

सूचना पटल पर लटका मिला अज्ञात युवक का शव

रायगढ़। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के ग्राम बंगुरसिया के पास हमीरपुर मुख्य मार्ग पर सूचना पटल पर बुधवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव लटकता पाया गया। सूचना मिलते ही चक्रधर नगर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह करीब 5 बजे कुछ बंगुरसिया के कुछ ग्रामीणों ने हमीरपुर मुख्य मार्ग पर स्थित सूचना पटल पर एक अज्ञात व्यक्ति की लाश फांसी के फंदे पर लटकते हुए देखी और इसकी जानकारी सरपंच व ग्राम कोटवार को दी। जिसके बाद कोटवार ने इसकी सूचना चक्रधर नगर पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामवासियों से शव की शिनाख्त करने का प्रयास करते हुए पूछताछ करने लगी। किंतु ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि उक्त मृतक गांव का नहीं है। उन्हें आशंका है कि यह किसी भारी वाहन का चालक या खलासी हो सकता है या फिर आस पास के किसी प्लांट में काम करता होगा। प्रथम दृष्टया पुलिस इसे आत्महत्या मानकर जांच कर रही है। चुंकि घटना स्थल पर कुछ होटल में सीसीटीवी लगे हैं, ऐसे में इसकी भी जांच करने की बात कही जा रही है। वहीं मौके से फॉरेंसिंक टीम ने कई साक्ष्य एकत्र किए हैं। वहीं अब मृतक की शिनाख्त होने और पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

केलो डेम के पास युवक-युवती से लूटपाट, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

केलो डेम घूमने गए युवक-युवती के साथ मारपीट कर लूटपाट करने के मामले में रायगढ़ की कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है जबकि तीसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार जोगीडीपा निवासी 22 वर्षीय सानू सारथी ने 12 अक्टूबर को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 11 अक्टूबर की शाम वह अपनी महिला मित्र के साथ बुलेट मोटरसाइकिल से केलो डेम घूमने गया था। शाम करीब 7:30 बजे जब दोनों वापस लौटने की तैयारी कर रहे थेए तभी 3.4 युवक वहां पहुंचे। युवती के साथ घूमने को लेकर सवाल करते हुए आरोपियों ने सानू के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने युवक की जेब में रखे 1500 रुपए आईफोन 12 मिनी और उसकी महिला मित्र का मोटोरोला मोबाइल लूट लिया। वारदात के बाद आरोपी बुलेट मोटरसाइकिल की चाबी भी फेंककर फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,2, 309,4 और 3,5 में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अमित तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ितों व गवाहों से पूछताछ कर संदिग्धों की पहचान के प्रयास किए। पुलिस ने संदेह के आधार पर सोहेल अंसारी निवासी इंदिरा नगर और रणवीर कुमार निवासी चेहराकला, जिला वैशाली बिहार हाल मुकाम उर्दना डीपापारा को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

पुलिस के मुताबिक दोनों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर लूटपाट करना स्वीकार किया। इसके बाद कार्यपालिक दंडाधिकारी के समक्ष प्रार्थी से आरोपियों की पहचान संबंधी कार्रवाई कराई गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने लूटे गए मोबाइल और नकदी अपने फरार साथी के पास होने की जानकारी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



हर किलोमीटर पर चुकाने होंगे 50 पैसे ज्यादा, डीलक्स बस में 2.20 और एसी स्लीपर में 3.20 रुपए देने होंगे

महंगाई का एक और झटका, बसों का सफर महंगा, यात्रियों पर पड़ेगा अतिरिक्त बोझ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राज्य सरकार की ओर से यात्री बसों के किराए में बढ़ोतरी किए जाने के बाद अब जिले में भी बस से सफर करने वाले यात्रियों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। परिवहन विभाग ने नई किराया दरों की अधिसूचना जारी कर दी है। नई दरें लागू होने के बाद रोजाना बसों से नौकरी, पढ़ाई और अन्य जरूरी कामों के लिए आने-जाने वाले लोगों का मासिक बजट प्रभावित होना तय माना जा रहा है। हालांकि अब तक जिले में यह नई दरों बस मालिकों ने लागू नहीं की हैं, लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि दीपावली के आस-पास इन नई दरों के साथ यात्रियों से किराया लिया जाएगा।

जिले में बड़ी संख्या में लोग आसपास के गांवों और कस्बों से शहर पहुंचने के लिए यात्री बसों पर निर्भर हैं। ऐसे में किराए में बढ़ोतरी का असर नियमित यात्रियों पर पड़ सकता है। खासकर नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों और कम आय वाले परिवारों को अब परिवहन पर पहले से अधिक खर्च करना पड़ सकता है। नई किराया दरों के अनुसार साधारण बस में शुरुआती पांच किलोमीटर की यात्रा के लिए 10 रुपये देने होंगे। इसके बाद प्रत्येक किलोमीटर के लिए 1.75 रुपये की दर से किराया निर्धारित किया गया है। इससे पहले साधारण बसों का किराया 1.25 रुपये प्रति किलोमीटर बताया गया था। वहीं, रात्रिकालीन साधारण बस सेवा में निर्धारित किराए से 10 प्रतिशत अधिक राशि देनी होगी। इसके अलावा डीलक्स बसों में शुरुआती पांच किलोमीटर के लिए 12 रुपये और इसके बाद 2.20 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से किराया लगेगा। अलग-अलग श्रेणियों की बसों के लिए किराया निर्धारित किया है। डीलक्स रात्रिकालीन और नॉन-एसी स्लीपर व सेमी-स्लीपर बसों में शुरुआती पांच किलोमीटर के लिए 12 रुपये तथा आगे 3.20 रुपये प्रति किलोमीटर देने होंगे। वहीं वोल्वो व स्कैनिया जैसी सुपर लग्जरी एसी बसों में शुरुआती पांच किलोमीटर के लिए 12 रुपये और इसके बाद 3.30 रुपये प्रति किलोमीटर की दर निर्धारित की गई है।



दैनिक यात्रियों पर बढ़ेगा आर्थिक दबाव

जिले में रोजाना कामकाज और पढ़ाई के लिए बस से यात्रा करने वाले लोगों को किराया वृद्धि का सीधा असर पड़ेगा। ग्रामीण क्षेत्रों से शहर आने वाले यात्रियों के साथ-साथ जिले के भीतर लंबी दूरी तय करने वालों को भी अधिक खर्च करना पड़ेगा। विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों के लिए यह बढ़ोतरी खास तौर पर परेशानी बढ़ा सकती है, क्योंकि उन्हें नियमित रूप से यात्रा करनी पड़ती है। महीनेभर में आने-जाने पर अतिरिक्त किराया उनके घरेलू बजट को प्रभावित कर सकता है।

बस संचालकों की मांग के बाद बढ़ा किराया

बस किराया बढ़ाने का फैसला छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ की ओर से प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी के बीच लिया गया। महासंघ ने सरकार के सामने 9 मांगें रखी थीं। इसके बाद परिवहन मंत्री केदार कश्यप और विभागीय अधिकारियों के साथ हुई चर्चा में किराया वृद्धि पर सहमति बनी। नई अधिसूचना में दृष्टिहीन, गंभीर रूप से दिव्यांग, 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और एचआईवी पीड़ितों सहित अधिसूचित विशेष श्रेणियों के यात्रियों के लिए किराए में छूट का प्रावधान भी रखा गया है। परिवहन विभाग ने बस संचालकों को नई किराया सूची बसों में स्पष्ट रूप से चस्पा करने के निर्देश दिए हैं।

छात्रा से अश्लील व्यवहार, व्याख्याता और सहयोगी शिक्षिका निलंबित

रायगढ़। स्कूली छात्रा से अमर्यादित एवं अश्लील व्यवहार करने वाले एक व्याख्याता और उसके सहयोगी शिक्षिका को निलंबित कर दिया गया है। डीपीआई की इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। यह मामला बिलाईगढ़ ब्लॉक के शाउमावि पुरगांव का है। डीपीआई के संचालक ऋतुराज रघुवंशी ने आदेश जारी करते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरगांव के व्याख्याता बृंदाप्रसाद सुल्तान और श्रीमती कविता बघेल को निलंबित कर दिया है। व्याख्याता बृंदाप्रसाद सुल्तान पर स्कूली छात्रा के साथ आपत्तिजनक, अशिष्ट अमर्यादित एवं अश्लील व्यवहार करने का आरोप है। वहीं कविता बघेल के द्वारा उक्त कृत्य में श्री सुल्तान का समर्थन करते हुए पीड़िता को धमकाने का आरोप है। इसकी जांच तीन सदस्यीय समिति द्वारा की गई। जांच प्रतिवेदन में शिकायत की पुष्टि होने के बाद निलंबन की कार्रवाई की गई है। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा डीपीआई को भेजे गए जांच प्रतिवेदन में जिला बाल संरक्षण इकाई के जांच का हवाला दिया गया था। इस आधार पर बीते 23 सितंबर को जिला बाल संरक्षण इकाई ने शिक्षा विभाग को जांच प्रतिवेदन दिया था।

मारपीट को बताया लूट, शिकायतकर्ता पर अब कार्रवाई की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



आपसी रंजिश में किसी को फंसाने के लिए दर्ज कराई गई शिकायत खुद शिकायतकर्ता के लिए मुश्किल खड़ी कर सकती है। रायगढ़ के कोतवाली थाना क्षेत्र में ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां मारपीट की घटना को लूटपाट का रूप देकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस की विवेचना में लूटपाट की पुष्टि नहीं होने पर शिकायतकर्ता ने पूर्व रंजिश के चलते झूठी और बढ़ा.चढ़ाकर रिपोर्ट दर्ज कराने की बात स्वीकार की। उसने इस संबंध में शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है।

मिली जानकारी के अनुसार 9 अक्टूबर को कोतरारोड़ क्षेत्र की जयसिंह गली निवासी संजय दास ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने आरोप लगाया था कि रात करीब 12:30 बजे रेलवे बंगला स्थित जगन्नाथ मंदिर के पास सागर यादवए शैलेश साहू और भोला नामक युवकों ने उसके साथ मारपीट की और 5 हजार रुपए नकद तथा सोने की चेन छीन ली। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी। इनमें लूटपाट से संबंधित धारा 309,6 भी शामिल थी। मामले की विवेचना के दौरान कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अमित तिवारी ने शिकायतकर्ता और गवाहों से पूछताछ कर घटना की परिस्थितियों की जानकारी जुटाई। इस दौरान मारपीट की घटना सामने आई, लेकिन लूटपाट की पुष्टि नहीं हो सकी। लूट के आरोप को लेकर विस्तार से पूछताछ किए जाने पर शिकायतकर्ता ने पूर्व रंजिश के कारण आरोपियों को फंसाने की नीयत से लूटपाट की झूठी और बढ़ा.चढ़ाकर रिपोर्ट दर्ज कराने की बात स्वीकार की। इसके समर्थन में उसने शपथ पत्र भी दिया। विवेचना में सामने आए तथ्यों के आधार पर कोतवाली पुलिस ने प्रकरण से लूटपाट की धारा 309,6 हटा दी है। वहींए झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने के मामले में शिकायतकर्ता के विरुद्ध संभावित वैधानिक कार्रवाई के लिए न्यायालय को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, इस संबंध में आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

डाटा एंट्री ऑपरेटरों को बनाया बली का बकरा, गड़बड़ी करने वालों का केवल स्थानांतरण

अवैध वसूली, मनमाने टोकन काटने वाले 3 ऑपरेटर 1 बाबू बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते साल धान खरीदी के दौरान किसानों से अवैध वसूली, मनमाने टोकन काटने और दुर्व्यवहार करने वाले समिति के चार कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। इसमें तीन तो डाटा एंट्री ऑपरेटर हैं। वहीं एक बाबू भी इसमें शामिल है।

दूसरी ओर तीन कर्मचारियों को निलंबित भी किया गया है। साथ ही 12 लोगों का तबादला भी किया गया है। हालांकि जो बातें सामने आ रही हैं उसके मुताबिक डाटा एंट्री ऑपरेटरों को तो केवल बली का बकरा बनाया गया है। असली गड़बड़ी करने वाले तो पूरी तरह से पाक साफ हो गए हैं। दूसरी ओर एक साल बाद की गई इस कार्रवाई को लेकर भी अब सवाल खड़े होने लगा है। जानकारी मिली है कि बीते खरीफ सीजन 2025-26 में धान खरीदी के दौरान कुछ कर्मचारियों के खिलाफ किसानों को परेशान करने, जबरन अवैध तरीके से वसूली, मनमाने ढंग से टोकन काटने, किसानों से दुर्व्यवहार और बिना सूचना अवैधानिक रूप से गायब होने जैसी शिकायतें मिली थी। इनके खिलाफ जांच की गई और संबंधित कर्मचारियों को बीते 14 अगस्त को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। इसके बाद बीते 3 सितंबर को दोबारा स्मरण पत्र भी जारी किया गया, लेकिन किसी ने जवाब ही नहीं दिया। ऐसे में इसे पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर चूक मानते हुए कार्रवाई की गई।



बदनाम समितियों से 12 कर्मचारियों का तबादला

समितियों के 12 कर्मचारियों का तबादला किया गया है। यह समितियां कई तरह की कारगुजारियों का अड्डा था। ऐसे में इस साल धान खरीदी में किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसके लिए इनका तबादला कर दिया गया है। इसमें रायगढ़ ब्लॉक से उज्ज्वल प्रसाद पटेल को भातपुर से कांटाहरदी, राजेश कुमार पटेल को कांटाहरदी से कछार तथा कौशल प्रसाद साहू को कछार से भातपुर भेजा गया है। इसी तरह खरसिया ब्लॉक में कैलाश पटेल को चपले से बरगढ़, रामखिलावन राठौर को खरसिया से जैमुरा, मनोज राठौर को हालाहुली से तुरेकेला, संतोष राठौर को हालाहुली से बानीपाथर, संजय पाण्डे को बानीपाथर से हालाहुली, डंकेश्वर डनसेना (मानू) को जैमुरा से हालाहुली, जनक पटेल को बानीपाथर से चपले तथा गेंदलाल श्रीवास को चपले से बानीपाथर पदस्थ किया गया है। लैलूंगा ब्लॉक में त्रिलोचन बेहरा को कोड़ासिया से लैलूंगा स्थानांतरित किया गया है।

इन कर्मचारियों को किसा गया बर्खास्त

लैलूंगा ब्लॉक के आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में कार्यरत चार कर्मचारियों को उनके पद से बर्खास्त किया गया है। इसमें केशला समिति के डाटा एंट्री ऑपरेटर लालकुमार सिदार, लिबरा समिति के लिपिक टिकेश्वर पटेल, कोड़ासिया समिति के डाटा एंट्री ऑपरेटर हेमसागर मालाकार और लारीपानी समिति के डाटा एंट्री ऑपरेटर विष्णु प्रधान शामिल हैं। इसी तरह लिबरा समिति के ही डाटा एंट्री ऑपरेटर लुकेश्वर यादव, लैलूंगा समिति के डाटा एंट्री ऑपरेटर अवधेश पैंकरा और लारीपानी समिति के सहायक लिपिक पिताम्बर बैरागी को निलंबित कर दिया गया है।

खबर संक्षेप

दो छात्र राज्य स्तरीय स्पर्धा में चयनित

तमनार। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के साथ संस्कारों को बढ़ावा देने वाला वुड्स वैली स्कूल कसडोल तमनार एक बार फिर अपनी प्रतिभा और उपलब्धियों को लेकर चर्चा में है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय सहित पूरे तमनार अंचल का नाम रोशन किया है। खास बात यह है कि विद्यालय के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। सेजेस तमनार में आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। वुड्स वैली स्कूल की कक्षा 10वीं की होनहार छात्रा आराध्या गुप्ता ने सेना का शौर्य विषय पर भाषण प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 9वीं की प्रतिभाशाली छात्रा तीक्षा साहू ने भारत 2047 विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसी क्रम में विकासखंड स्तरीय प्राथमिक भाषण प्रतियोगिता में विद्यालय के नन्हे वक्ता आयांश देवता, कक्षा-IV ने मेरे सपनों का भारत विषय पर प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी का दिल जीत लिया।

रंगोली, मेहंदी, चित्रकला स्पर्धा का आयोजन

रायगढ़। जिले में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला, रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिताओं के साथ कला संबंधी गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में बालिकाओं ने अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से आकर्षक चित्र, रंग-बिरंगी रंगोलियां और सुंदर मेहंदी डिजाइनों की प्रस्तुति दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं को अपनी प्रतिभा निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

श्रमिक की बेटी को उच्च शिक्षा के लिए मिली सहायता

रायगढ़। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना से ग्राम कछार निवासी पायल साहू को आगे की पढ़ाई के लिए आर्थिक संबल मिला है। पंजीकृत निर्माण श्रमिक ज्योति साहू की बेटी पायल को योजना के तहत 20 हजार रुपए की एकमुश्त सहायता राशि प्रदान की गई है।

1 हजार 153 मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर

रायगढ़। जिले में कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे, इसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले के सभी 1 हजार 153 मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि मतदाता सूची में नाम की जांच कर सकते हैं। यदि किसी पात्र का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, तो वह निर्धारित प्रक्रिया के तहत नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। साथ ही, नाम अथवा अन्य विवरण में त्रुटि होने पर आवश्यक सुधार भी कराएं। जिले में विधानसभा क्षेत्रवार मतदान केंद्रों की संख्या में लैलूंगा के 293, रायगढ़ के 262, खरसिया के 299 और धरमजयगढ़ के 299 मतदान केंद्र शामिल हैं। इन केंद्रों पर आयोजित विशेष शिविरों के माध्यम से नागरिकों को मतदाता सूची से संबंधित जानकारी एवं सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, विवरण में सुधार कराने अथवा किसी प्रकार की समस्या या शिकायत के लिए नागरिक अपने क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। मतदाता सूची से छूटे पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने तथा नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए अक्टूबर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों 15-लैलूंगा, 16-रायगढ़, 18-खरसिया एवं 19-धरमजयगढ़ में मतदाता सूची का सत्यापन कर पात्र नागरिकों को सूची में नाम जुड़वाने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

सौराष्ट्र के खिलाफ मैच, एकेडमी के सक्षम का वीनू मांकड़ ट्राफी में चयन

ओपी जिंदल क्रिकेट एकेडमी से प्रशिक्षित राहुल का रणजी ट्राफी में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिंदल पावर तमनार द्वारा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने के लिए ओपी जिंदल क्रिकेट एकेडमी का संचालन किया जा रहा है। यहां प्रशिक्षण से खिलाड़ियों को अलग अलग प्लेटफार्म में खेलने का मौका मिल रहा है। ओपी जिंदल क्रिकेट एकेडमी घरघोड़ा से नियमित रूप से प्रशिक्षण लेने वाले राहुल प्रधान का चयन छत्तीसगढ़ रणजी टीम के लिए हुआ है। राहुल प्रधान अभी गुजरात में चल रहे रणजी ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की ओर से खेल रहे हैं। प्रतियोगिता के तीसरे दिन उन्हें बैटिंग का मौका मिला। आठवें नंबर पर आकर उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की और भारतीय क्रिकेट टीम के आल राउंडर रविंद्र जडेजा और जयदेव उनदकट जैसे गेंदबाजों का सामना करते हुए नाबाद 41 रन बनाए।

जिंदल पावर तमनार न सिर्फ सामाजिक उत्तरदायित्वों के तहत क्षेत्र के गांवों में विकास के काम करा रहा है, बल्कि विभिन्न खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर रहा है। क्रिकेट भारत के सबसे लोकप्रिय खेलों में शामिल है। जिंदल फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल के निर्देश व उनके नेतृत्व में खेल के क्षेत्र में भी काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिंदल फाउंडेशन द्वारा घरघोड़ा में ओपी जिंदल क्रिकेट एकेडमी का संचालन किया जा रहा है। यहां क्षेत्र के खिलाड़ियों को क्रिकेट की बारीकियों से अवगत करा कर उन्हें बड़े मंचों के लिए निखारने का काम किया जा रहा है। इसका परिणाम भी दिखने लगा है। एकेडमी के कई खिलाड़ियों का चयन अलग अलग स्तर पर हो चुका है। बड़ी उपलब्धि भी ओपी जिंदल एकेडमी के नाम जुड़ गई है। इस एकेडमी से प्रषिक्षित राहुल प्रधान का चयन रणजी ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की टीम में हुआ है।जिंदल फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल ने ओपी जिंदल क्रिकेट एकेडमी के दोनों खिलाड़ियों के चयन होने पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने अपने आफिशियल सोशल मीडिया साइट में दोनों खिलाड़ियों का फोटो शेयर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है तथा यह प्रतिबद्धता दोहराई है कि जिंदल फाउंडेशन प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए हमेषा काम करता रहेगा।

दोनों खिलाड़ियों का चयन जिले के लिए गर्व का अवसर





39.42 की औसत से बनाए नाबाद 41 रन

रणजी ट्राफी का पहला मैच छत्तीसगढ़ और सौराष्ट्र के बीच खेला जा रहा है। चार दिनों के इस मैच में टास छत्तीसगढ़ के कप्तान ने जीता और बालिंग करने का निर्णय लिया। सौराष्ट्र के खिलाफ बैटिंग का मौका राहुल प्रधान को तीसरे दिन मिला। इस मौके का राहुल ने भरपूर फायदा उठाया। आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 104 गेंदों में 41 रनों की नाबाद पारी खेली। रविंद्र जडेजा जैसे बालर के सामने एकाग्रता के साथ बल्लेबाजी करना बांए हाथ के बैट्समैन राहुल की बल्लेबाजी कौशल को प्रदर्शित करता है। ओपी जिंदल क्रिकेट एकेडमी घरघोड़ा की एक और उपलब्धि है। यहां के खिलाड़ी सक्षम चैबे का चयन वीनू मांकड़ ट्राफी के लिए हुआ है। सक्षम लेफ्ट हैंड बालर हैं और अंडर 19 में बिलासपुर की ओर से खेलते हैं।



एनटीपीसी ने किसानों को किया फलदार पौधा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण सुरक्षा को मजबूत करने, टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एनटीपीसी लारा ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व सीएसआर के अंतर्गत पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को ताजे फल एवं पोषणयुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के साथ-साथ हरित पर्यावरण को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय किसानों को पपीता, सहजन, नींबू और आम के पौधे वितरित किए गए। इसका उद्देश्य किसानों को अपने घरों में पोषण वाटिका विकसित करने के लिए प्रेरित करना है, ताकि परिवारों को ताजे फल एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ आसानी से उपलब्ध हो सकें। इससे आहार में विविधता बढ़ाने, पोषण स्तर में सुधार लाने और घरेलू स्तर पर पोषण संबंधी आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में एनटीपीसी लारा के परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर एवं एजीएम मानव संसाधन जाकिर खान सहित स्थानीय सरपंच और ग्रामीण उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की सहभागिता ने ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों के महत्व को रेखांकित किया। इस पहल की एक प्रमुख विशेषता कृषि विज्ञान केंद्र केवीके, रायगढ़ के साथ सहयोग है। केंद्र द्वारा किसानों को पौधों के उचित रोपण, देखभाल और कृषि संबंधी सहायता प्रदान की जाएगी।

खेतों में पहुंचे कलेक्टर, कुनकुनी में किया सर्वे का भौतिक सत्यापन



रायगढ़। जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य पारदर्शिता और सटीकता के साथ पूरा करने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज खरसिया अनुविभाग के ग्राम कुनकुनी में खेत पहुंचकर सर्वे कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने किसान के खेत में सर्वेयर द्वारा किए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे का भौतिक सत्यापन किया और संबंधित खसरे के रकबे का खेत की वास्तविक स्थिति से मिलान किया। इस दौरान उन्होंने सर्वे की प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए निर्धारित नियमों के अनुरूप त्रुटिरहित सर्वे पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे में प्रत्येक खसरे में बोई गई फसल और उसके वास्तविक क्षेत्रफल का सही विवरण दर्ज होना चाहिए। सर्वेयर किसानों के खेतों में पहुंचकर फसल का भौतिक सत्यापन करें तथा सॉफ्टवेयर में फसल की तस्वीर अपलोड करते हुए जियो-टैगिंग सहित अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करें। सर्वे के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और निर्धारित समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने एसडीएम एवं राजस्व अधिकारियों को सर्वे कार्य की नियमित निगरानी करने और ग्रामवार प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही खसरों की जियो-रेफरेंसिंग, पॉलीगॉन निर्माण, फसल की वास्तविक स्थिति के सत्यापन तथा सर्वे के आंकड़ों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिन खसरों के नक्शे उपलब्ध नहीं हैं अथवा जियो-रेफरेंसिंग नहीं हुई है, उनकी पहचान कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिन क्षेत्रों में सर्वे का कार्य 90 प्रतिशत या उससे अधिक पूरा हो चुका है, वहां शेष कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए लक्ष्य निर्धारित किए जाएं।

व्यंजनों और पौष्टिक आहार के माध्यम से बच्चों को किया जागरूक

रायगढ़। जिले में पोषण जागरूकता और बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न छात्रावासों में पोषण दिवस एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए। कन्या आश्रम गोढ़ी तथा प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास रायगढ़ में मेरी पौष्टिक थाली कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को संतुलित और पौष्टिक आहार का महत्व बताया गया। वहीं, पोस्ट-मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पोषण दिवस के अंतर्गत आयोजित मेरी पौष्टिक थाली कार्यक्रम में छात्राओं को छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों और पौष्टिक आहार से युक्त भोजन परोसा गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को संतुलित भोजन की उपयोगिता समझाना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। पौष्टिक आहार शरीर को स्वस्थ रखने, शारीरिक विकास और दैनिक गतिविधियों के लिए आवश्यक ऊर्जा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कन्या आश्रम गोढ़ी में भी मेरी पौष्टिक थाली कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।



अभिनव के कृषि छात्रों ने सुकुल भटली में देखा ऑयल पाम

पुसौर। शिक्षा जब खेत की मिट्टी से जुड़ती है, तभी वह सार्थक बनती है। इसी सोच के साथ अभिनव विद्या मंदिर, पुसौर के कक्षा 11वीं एवं 12वीं कृषि संकाय के छात्र छात्राओं ने ग्राम सुकुल भटली स्थित प्रगतिशील कृषक चंद्रशेखर प्रधान एवं उनके पुत्र गोवर्धन प्रधान के ऑयल पाम ताड़ के तेल के खेत का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। यह ज्ञानवर्धक भ्रमण विद्यालय के प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी के कुशल मार्गदर्शन एवं कृषि शिक्षक ओम प्रकाश साहू तथा श्रीमती शकुंतला प्रधान की देखरेख व नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

अनुभव भ्रमण के दौरान शिक्षकों एवं प्रगतिशील कृषक द्वय ने विद्यार्थियों को ऑयल पाम की वैज्ञानिक खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारियां दीं। छात्रों को बताया गया कि ऑयल पाम का पौधा रोपण के बाद लगभग 30 वर्ष तक लगातार उत्पादन देता है, जो किसानों के लिए दीर्घकालिक और स्थायी आय का बेहतरीन जरिया है।



एक बार रोपण के बाद 3 साल से फल आना शुरू होता है और फिर हर महीने फलों के गुच्छे आते हैं। शासन द्वारा इसके लिए पौधे, बोरवेल और फेंसिंग पर अनुदान भी दिया जा रहा है और बाजार की चिंता भी नहीं है। फील्ड विजिट के दौरान कृषि संकाय के छात्रों ने मौके पर ऑयल पाम के विभिन्न आयु वाले पौधों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस दौरान वहां 10 वर्ष एवं 12 वर्ष की आयु के स्वस्थ पौधे देखने को मिले। विद्यार्थियों ने उनकी बढ़वार, फलों के गुच्छों खाद प्रबंधन, ड्रिप सिंचाई तकनीकों और इंटरक्रॉपिंग का बारीकी से अध्ययन किया तथा अपनी शंकाओं का समाधान किया। किसान गोवर्धन प्रधान ने बताया कि कैसे उन्होंने शुरुआती 3 सालों में बीच की जमीन में सब्जी और अनानास लगाकर अतिरिक्त आय ली। विद्यालय के प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी ने इस शैक्षणिक भ्रमण की सराहना करते हुए कहा किए कृषि संकाय के विद्यार्थियों के लिए किताबी ज्ञान के साथ साथ मैदानी एवं व्यावहारिक अनुभव अत्यंत आवश्यक है।

कागजों पर दौड़ रहा रायगढ़ का रेशम उद्योग

पुसौर। रायगढ़ जिले के घरघोड़ा, आमापाली, हाटी, बर्रा, कुडुमकेला, धरमजयगढ़ सहित कई रेशम केंद्रों की स्थिति अब सरकारी इमारत से ज्यादा कुछ नहीं रह गई है। जिला कार्यालय से सूचना के अधिकार में मिली जानकारी के अनुसार इन केंद्रों में सामग्री की खरीदी हुई, मजदूर काम कर रहे हैं और भुगतान भी हुआ, लेकिन जब इन्हीं केंद्रों पर पहुंचे तो न मजदूर मिले न अधिकारी। सिर्फ चौकीदार मिले जो बताते हैं कि एक अधिकारी के पास 4.5 केंद्रों का चार्ज है, वे सप्ताह में एक दिन आते हैं।

वहीं धरमजयगढ़ व घरघोड़ा रेशम केन्द्र के बाहर ताला लटका हुआ मिला। बर्रा रेशम केन्द्र में लगे हुए बोर्ड केवल टीना है, उसमें कुछ भी लिखा हुआ नहीं है। सूचना बोर्ड ऐसे कि अक्षर मिट चुके हैं। बमुश्किल रेशम शब्द पढ़ा जा सकता है। स्थानीय लोग खुलकर कह रहे हैं कि इन केंद्रों का इस्तेमाल अब पिकनिक और शासकीय जमीन बचाने के अलावा कुछ नहीं हो रहा। नए जिला रेशम अधिकारी के आने के बाद से यह स्थिति निर्मित हुआ है। छत्तीसगढ़ सरकार ने रेशम को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताकर करोड़ों खर्च किए। मकसद था आदिवासी और ग्रामीण परिवारों को स्वरोजगार देना। आरटीआई में दर्शा, गए मजदूर सामग्री और भुगतान के आंकड़े अगर जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाते तो ये सीधे सीधे शासकीय राशि के दुरुपयोग और गलत जानकारी देने का मामला बनता है।

शारदीय नवरात्र में महिला सत्संग समिति ने किया माता की चौकी का आयोजन

सरिया। महिला सत्संग समिति सरिया के द्वारा शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर माता की चौकी एक अत्यंत भक्तिमय और भव्य आयोजन है। इस धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव का मुख्य उद्देश्य समाज की महिलाओं को एक साथ लाकर आदिशक्ति मां दुर्गा की उपासना करना और आपसी सौहार्द बढ़ाना व समाज कल्याण की कामना करना है। इसी उद्देश्य को लेकर नगर के महिला सत्संग समिति के द्वारा विगत 56 वर्षों से माता की चौकी का आयोजन किया जा रहा है।

इस दौरान इसके फाउंडेशन मेंबर में अधिकांश गुजर गए हैं। तथा जो बचे हुए हैं उनके द्वारा इन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाते हुए व नए



नए मेंबर जोड़ते हुए कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। शारदीय नवरात्र के अवसर पर नगर में जगह जगह माता के चौकी का आयोजन हो रहा है। भक्ति और उल्लास से ओतप्रोत इस संध्याकालीन कार्यक्रम में मां भगवती की महिमा का गुणगान करते हुए मधुर भजनों का आनंद लेते हुए माता रानी की दिव्य आशीर्वाद ले रहे हैं। महिला सत्संग समिति के संस्थापक अध्यक्ष श्याम लता बंसल ने बताया कि शारदीय नवरात्र आगमन के साथ ही वातावरण में भक्ति उल्लास और उत्सव के रंग घुलने लगते हैं। उन्होंने कहा कि मंदिरों में घंटियां गुंजती है और घरों पर कलश स्थापित होते हैं और देवी के जयकारों से दिशाए मुखर हो उठती है।

माँ कौशलेशवरी के मंदिर में 821 आस्था के दीप जले

कोसीर। ऐतिहासिक ग्राम्य नगरी कोसीर में इस समय नवरात्री पर्व की धूम मची हुई है आसपास क्षेत्र वासियो सहित दूर दराज से भक्त गण माता की दरबार पहुंच कर माता की दर्शन कर रहे है। मंदिर समिति से चर्चा करने पर बताया इस बार नवरात्र पर्व को लेकर क्षेत्र वासियो में भारी उत्साह देखी जा रही वही माता की मंदिर इस बार 821 ज्योति कलश प्रजव्लित हुए है जो कि माता के दरबार मे जगमगा रहे है विदित हो कि चैत्र नवरात्री मे लगभग 751 ज्योति कलश जले थे।



इस बार ज्योति कलश में बृद्धि देखी जा रही है भक्त गणो में भारी उत्साह देखा जा रहा है आपको बता दे कोसीर की माँ कौश्लेशवरी क्षेत्र की बहुत ही प्रसिद्ध व ऐतिहासिक मंदिर है बताया जाता है जिसने भी मन में आस्था व विश्वास लेकर माता की मंदिर पहुंची हो उसके मुरादे जरूर कर पुरी हुआ है आज इसी विश्वास को लिए सैकड़ों लोग दिनप्रति दिन माता की मंदिर पहुंच रहे है वही मंदिर सेवा समिति के दारा भक्त जनो के लिए भंडारा का भी आयोजन किया जा रहा है जिसके फलस्वरूप भक्त गण माता की दर्शन कर खुशी पूर्वक प्रसाद ग्रहण कर रहे और माता की जयकारे कर रहे है।

सीधे जुड़ेगा केवड़ाबाड़ी चौक से कबीर चौक

रिंग रोड, केनाल लिंक रोड पूरा करने 7 महीने का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर ने निगम के अधिकारियों को सात महीने का अल्टीमेटम दिया है। इस बीच आंतरिक रिंग रोड, कैनाल लिंक रोड, और मरीन ड्राइव का निर्माण पूरा करना होगा। इसके लिए मंगलवार को कलेक्टर ने चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कैनाल लिंक रोड, नालंदा परिसर के सामने केलो नदी पर निर्माणाधीन बैराज तथा प्रगति नगर में सड़क निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

कलेक्टर ने सर्वप्रथम कैनाल लिंक रोड का निरीक्षण किया। इसे मई 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया। इस सड़क के निर्माण से केवड़ाबाड़ी चौक से मरीन ड्राइव तक सीधी कनेक्टिविटी स्थापित होगी। इससे शहरवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। कैनाल लिंक रोड के निर्माण के तहत चांदनी चौक ब्रिज के नीचे बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण किया जाना है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य के दौरान यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्यों को व्यवस्थित तरीके से पूरा करने पर जोर दिया।



बैराज का निरीक्षण

कलेक्टर ने नालंदा परिसर के सामने केलो नदी पर निर्माणाधीन बैराज का निरीक्षण किया। जल संसाधन विभाग द्वारा केलो नदी पर तीन स्टॉप डेम एवं बैराज का निर्माण किया जा रहा है। इन संरचनाओं के निर्माण से नदी में पानी का ठहराव रहेगा और जल संरक्षण को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। निर्माण कार्यों को जून 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे वर्षभर जल उपलब्धता बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी।

प्रगति नगर का जायजा

कलेक्टर ने प्रगतिनगर में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा से पहले कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस सड़क का निर्माण जून 2027 से पहले पूर्ण कर यातायात शुरू करने का लक्ष्य है। सड़क के तैयार होने से क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिलेगी।

